# RRC Group - D Exam 2013 Question Paper (Hindi)

**(Held On : 08-12-2013)**



DO NOT REMOVE THIS SHEET / इस शीट को न फाड़ें

| | |
|---|---|
| Duration : (1½ Hours / 90 Minutes)<br>समय : (1½ घंटे / 90 मिनट) | Exam Code :<br>परीक्षा कोड : 5812 |
| No. of Pages / पृष्ठों की संख्या : 80 | Question Booklet No. :<br>प्रश्न-पुस्तिका संख्या : 5090183 |
| Roll No. :<br>अनुक्रमांक: | OMR Answer sheet No.<br>OMR उत्तर शीट क्र. |
| Date of Examination :<br>परीक्षा तिथि : | Total Marks / कुल अंक : 100 |
| **Candidate's Name / **परीक्षार्थी का नाम | **Candidate's Signature / **परीक्षार्थी का हस्ताक्षर |

** As given in application form / ** जैसा आवेदन पत्र में भरा हो

The candidate will first open only the **Yellow** seal and read the complete set of instructions carefully/
परीक्षार्थी पहले केवल **पीला** सील खोलें और सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

The question paper is made up of the following sections as tabulated below :

निम्न तालिका में दर्शाये अनुसार, इस प्रश्न पत्र को निम्नलिखित भागों में विभाजित किया गया है :

| Section/भाग | Language/भाषा | No. of Questions/प्रश्नों की संख्या | Pages/पृष्ठ | |
|---|---|---|---|---|
| | | | From/से | To/तक |
| Section - I | English | 100 | 8 | 18 |
| Section - II | Hindi/हिन्दी | 100 | 19 | 30 |
| Section - III | Urdu/اردو | 100 | 31 | 42 |
| Section - IV | Telugu/తెలుగు | 100 | 43 | 55 |
| Section - V | Kannada/ಕನ್ನಡ | 100 | 56 | 67 |
| Section - VI | Marathi/मराठी | 100 | 68 | 78 |

Write the following **'Paragraph'** at the specified place in the OMR Answer-Sheet in your own handwriting.

निम्नलिखित **'पैराग्राफ'** को अपनी हस्तलिपि में ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में दिये गये स्थान में लिखें।

**Paragraph :** One of the prime functions of justice is to deter future criminals from commiting crimes. Apart from doling out punishment to errant individuals for breaking the law, the courts must set an example of not tollerating criminals acts. Which is why it becomes imperative for justice to be seen to be done and a verdict to be delivered without inordinate delay.

## SECTION - II

## हिन्दी

1. इनमें से किस गवर्नर जनरल के शासन के दौरान 1853 में पहली रेल सेवा की शुरुआत की गई?
   (A) लॉर्ड विलियम बेन्टिक (B) लॉर्ड कॉर्नवालिस
   (C) लॉर्ड केनिंग (D) लॉर्ड डलहौजी

2. एक ही स्थान से उत्पन्न एवं एक समान क्रिया निष्पादन करनेवाले कोशिकाओं के समूह को क्या कहते हैं?
   (A) ऊतक (टीशू) (B) अंग
   (C) अंग प्रणाली (D) उपरोक्त में से कुछ भी नहीं

3. किस देश में, एक प्रकार का नास्तिक समुदाय ''कारेन'' (Karen) मिल सकता है?
   (A) चीन (B) लीबिया (C) म्याँमार (D) मिस्र

4. हिमालय पर्वत शृंखला का एक विस्तृत भाग अराकन योमा किस देश में है?
   (A) पाकिस्तान (B) म्याँमार (C) नेपाल (D) भूटान

5. किस ग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह ''ट्रीटोन'' है?
   (A) शनि (B) नेप्च्यून (C) बृहस्पति (D) यूरेनस

6. जठर में उपस्थित अम्ल जो पाचन में सहायता करता है, है :
   (A) नाइट्रिक अम्ल (B) सल्फ्यूरिक अम्ल
   (C) हाइड्रोजन क्लोराइड (D) उपरोक्त में कोई नहीं

7. 15 संख्याओं का औसत 7 है। इन संख्याओं में से प्रथम आठ संख्याओं का औसत 6.5 और अंतिम आठ संख्याओं का औसत 9.5 है, तो बीच में कौन सी संख्या है?
   (A) 21 (B) 22
   (C) 23 (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

8. A, B, C ने क्रमशः 27,000 रु., 81,000 रु. और 72,000 रु. का निवेश करके एक दुकान की शुरूआत की। एक वर्ष के बाद कुल लाभ में से B को उसके हिस्से के रूप में 36,000 रु. मिलता है, तो कुल कितना लाभ हुआ था?
   (A) 116000 रु. (B) 108000 रु. (C) 80000 रु. (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

9. विश्व व्यापार संगठन (WTO) का 156 वाँ सदस्य बननेवाले देश का नाम क्या है ?

(A) ताईवान (B) रूस (C) ईरान (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

10. "जैन्तिया जनजाति" किस राज्य में पायी जाती है ?

(A) मेघालय (B) नागालैण्ड (C) मिज़ोरम (D) मणिपुर

11. दो धनात्मक संख्याओं का गुणनफल 2500 है। यदि इनमें से एक संख्या, दूसरी संख्या से चार गुनी अधिक है, तो इन दो संख्याओं का योगफल कितना होगा ?

(A) 25 (B) 125

(C) 225 (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

12. "वाणिज्यिक पत्र" :

(A) एक कंपनी किसी बैंक को जारी करती है

(B) एक बैंक किसी कंपनी को जारी करता है

(C) एक बैंक किसी अन्य बैंक को जारी करता है

(D) उपरोक्त कोई भी नहीं

13. भारत के किस भू-भाग पर सुल्तान जैन-उल-अबीदीन का शासन था ?

(A) असम (B) ओडीशा (C) कश्मीर (D) बंगाल

14. सूर्य किस तरह का तारा है ?

(A) विशाल (B) अति विशाल (C) बौना (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

15. सर्वोदय आंदोलन की शुरूआत करने वाले व्यक्ति कौन थे ?

(A) महात्मा गांधी (B) जयप्रकाश नारायण (C) विनोबा भावे (D) ज्योतिबा फुले

16. कंडरा (टेन्डन), __________ जोड़ता है।

(A) हड्डी को हड्डी से (B) मांसपेशियों को हड्डी से

(C) मांसपेशियों को मांसपेशियों से (D) तंत्रिका को मांसपेशियों से

17. 3600 को किस न्यूनतम संख्या से विभक्त करने पर यह पूर्ण घन-संख्या हो जाएगी ?

(A) 45 (B) 50 (C) 300 (D) 450

18. ''दीन-ए-इलाही'' की स्थापना किसने की थी ?
(A) गुरु नानक देव (B) कबीर (C) अकबर (D) शाहजहाँ

19. निम्नलिखित में से, कौन यह निर्धारित करता है कि अमुक विधेयक, धन विधेयक है ?
(A) वित्त मंत्री (B) राज्य सभा के सभापति
(C) भारत के राष्ट्रपति (D) लोकसभाध्यक्ष

20. निम्नलिखित में से, कौन बादशाह बनने से पहले गुलाम नहीं था ?
(A) कुतुबुद्दीन ऐबक (B) इल्तुतमिश (C) अलाउद्दीन खिलजी (D) बलबन

21. निम्नलिखित में, कौन सबसे न्यूनतम अनुपात है ?
(A) 7 : 13 (B) 17 : 25 (C) 7 : 15 (D) 15 : 23

22. तराई के दूसरे युद्ध में, पृथ्वीराज चौहान को किसने परास्त किया था ?
(A) बाबर (B) महमूद गजनी (C) मुहम्मद गोरी (D) इब्राहीम लोदी

23. बोरा-गुफाएँ कहाँ स्थित हैं ?
(A) ओड़ीशा (B) मध्य प्रदेश (C) महाराष्ट्र (D) आंध्र प्रदेश

24. किसी पिण्ड पर एक अचर बल लगाने से यह एक समान ________ से गमन करेगा।
(A) संवेग (B) गति (C) वेग (D) त्वरण

25. किस नदी के तट पर पुलकेशिन II ने हर्ष को परास्त किया था ?
(A) महानदी (B) ताप्ती (C) गोदावरी (D) नर्मदा

26. 1, 3, 4, 5, 7, 9, 11, __?__.
(A) 12 (B) 14 (C) 15 (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

27. यदि तीन व्यक्ति, 14 दिनों में 336 शाल की बुनाई करते हैं, तो 8 व्यक्ति, 5 दिनों में कितने शाल की बुनाई कर सकते हैं ?
(A) 360 (B) 320 (C) 180 (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

28. यदि पृथ्वी पर किसी पिंड का द्रव्यमान 'm' है, तो चन्द्रमा की सतह पर इसका द्रव्यमान क्या होगा ?

(A) m/6 (B) m + 6 (C) m (D) 6m

29. एक वस्तु का अंकित मूल्य 1920 रु. है। दुकानदार 10% की छूट देकर भी 8% लाभ कमाता है। यदि किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाती, तो दुकानदार को कितना प्रतिशत लाभ प्राप्त होता ?

(A) 18% (B) 20% (C) 22.5% (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

30. निम्नलिखित में से, कौन सा **गलत** है ?

(A) जोधाबाई - सलीम (B) मनमति - खुर्रम

(C) जीजाबाई - शिवाजी (D) ताराबाई - शाहुजी

31. सल्तनत काल में प्रयुक्त होनेवाले पद ''फवाजिल'' का क्या अर्थ है ?

(A) कुलीनों को किया जानेवाला अतिरिक्त भुगतान

(B) वेतन के बदले आबंटित राजस्व

(C) इक्तेदारों के द्वारा राजकोष के लिए दिया जानेवाला अतिरिक्त राशि

(D) किसानों से जबरन वसूली गई राशि

32. भारत में पहला प्रधान डाकघर कहाँ खोला गया था ?

(A) दिल्ली (B) मुम्बई

(C) कोलकाता (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

33. किस नदी को ''दक्षिण-गंगा'' भी कहा जाता है ?

(A) महानदी (B) कृष्णा (C) कावेरी (D) गोदावरी

34. 40 लीटर दूध और पानी के मिश्रण में 10% पानी है। इस मिश्रण में और कितना पानी मिलाया जाए ताकि मिश्रण में पानी की मात्रा 20% हो जाए ?

(A) 4 लीटर (B) 5 लीटर (C) 7.5 लीटर (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

35. जावा-खाई कहाँ स्थित है ?

(A) प्रशांत महासागर (B) अटलांटिक महासागर (C) हिन्द महासागर (D) अंटार्कटिक महासागर

36. भारतीय प्रस्तावना को कितनी बार संशोधित किया गया है ?

(A) एक बार (B) दो बार (C) तीन बार (D) कभी नहीं

37. किसी ठोस के द्रव्यमान के दुगुना हो जाने से, इसका घनत्व :

(A) दुगुना हो जाएगा
(B) आधा हो जाएगा
(C) अपरिवर्तित रहेगा
(D) चार गुना हो जाएगा

38. कौन सा राज्य तीन ओर से बांग्लादेश से घिरा है ?

(A) मिज़ोरम (B) मेघालय (C) त्रिपुरा (D) पश्चिम बंगाल

39. बालु एवं नमक के मिश्रण में से नमक और बालु को किस विधि से अलग किया जा सकता है ?

(A) ऊर्ध्वपातन
(B) चालनी से छानकर
(C) पानी में नमक को घुलाने के बाद छानकर
(D) पानी में नमक को घुलाने के बाद आसवन के द्वारा

40. सबसे पहले किस मुस्लिम आक्रमणकारी ने भारत पर आक्रमण किया था ?

(A) चंगेज खान
(B) मुहम्मद गोरी
(C) मुहम्मद-बिन-कासिम
(D) महमूद गजनी

41. विश्व पर्यटन दिवस कब मनाया जाता है ?

(A) 24 दिसंबर (B) 4 अक्टूबर (C) 24 सितंबर (D) 6 सितंबर

42. किस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के हेतु शांति स्वरूप भट्नागर पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं ?

(A) पत्रकारिता
(B) साहित्य
(C) विज्ञान एवं तकनीक
(D) उपरोक्त किसी के लिए भी नहीं

43. एक सिलिंडर के आधार की त्रिज्या 14 सें.मी. है। इस सिलिंडर के परिधि के संगत एक रस्सी को इस पर 140 बार लपेटा जा सकता है; तो इसी रस्सी को 20 सें.मी. त्रिज्यावाले सिलिंडर के चारों ओर कितनी बार लपेटा जा सकता है ?

(A) 28 (B) 98 (C) 116 (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

44. जहाँगीर का मकबरा कहाँ है ?

(A) आगरा (B) लाहौर (C) दिल्ली (D) श्रीनगर

45. निम्नलिखित में से, किस संस्था ने जीवन बीमा कम्पनीयों के लिए आरंभिक लोक-प्रस्ताव नियमों को लागू किया ?

(A) क्रिसिल (CRISIL) (B) सेबी (SEBI)

(C) आर बी आई (RBI) (D) आइ आर डी ए (IRDA)

46. निम्नलिखित में से, किसका सही मिलान किया गया है ?

(A) रबिन्द्रनाथ टैगोर - नील दर्पण

(B) दादाभाई नौरोजी - इण्डिया अन्‌रेस्ट

(C) दीनबंधु मित्रा - गोदान

(D) रमेश चंद्र दत्त - इकॉनोमिक हिस्ट्री ऑफ इण्डिया

47. भारतीय संविधान के किस भाग में, अन्तर्राष्ट्रीय शांति एवम् सुरक्षा से संबंधित राज्यों के उत्तरदायित्व का उल्लेख किया गया है ?

(A) मौलिक अधिकार वाले भाग में (B) निर्देशात्मक सिद्धान्त के भाग में

(C) प्रस्तावना में (D) उपरोक्त किसी में भी नहीं

48. निम्नलिखित में से, किस लड़ाकू विमान का निर्माण फ्रांस में किया गया है ?

(A) दस्साल्ट रैफले (B) मिग-35 (MIG-35)

(C) लोक्हीड् मार्टिन (D) उपरोक्त में से किसी का भी नहीं

49. इनमें से कौन सा आंदोलन ''डांडी मार्च'' के साथ आरंभ हुआ ?

(A) होम रूल (B) असहयोग (C) सविनय अवज्ञा (D) भारत छोड़ो

50. भारत में सबसे पहले किसने प्रतीक मुद्रा का प्रचलन शुरू किया ?

(A) अलाउद्दीन खिलजी (B) शेरशाह सूरी

(C) ग्यासुद्दीन तुगलक (D) मोहम्मद-बिन-तुगलक

51. (1250 का 0.07%) − (650 का 0.02%) = ?

(A) 0.545 (B) 0.625 (C) 0.745 (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

52. भारत की पहली महिला पुलिस महानिर्देशक कौन थी ?

(A) किरण बेदी (B) कंचन चौधरी भट्टाचार्य

(C) हरिता कौल दयाल (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

53. किसी पिण्ड को नमकीन पानी में रखने पर, इसकी स्थिति में शुद्ध जल की अपेक्षा क्या अन्तर आयेगा ?

(A) यह अधिक गहराई तक डूब जाएगी

(B) यह कम गहराई तक डूबेगी

(C) इसकी स्थिति दोनों ही स्थितियों में एक समान रहेगी

(D) पिण्ड की स्थिति, इसके डूबोने के तरीके पर निर्भर करेगी

54. किसी ठोस के सीधे इसके वाष्प में परिणत हो जाने की क्रिया को क्या कहते हैं ?

(A) वाष्पन (Evaporation) (B) संघनन (Condensation)

(C) वाष्पीकरण (Vaporisation) (D) ऊर्ध्वपातन (Sublimation)

55. किस खेल के साथ ''ग्रण्ड स्लैम'' पद का सम्बन्ध है ?

(A) हॉकी (B) क्रिकेट (C) बास्केटबॉल (D) लॉन टेनिस

56. दिल्ली के किस सुल्तान की चौगन खेलते समय मृत्यु हो गई थी ?

(A) इल्तुतमिश (B) बलबन (C) सिकंदर लोधी (D) कुतुबुद्दीन ऐबक

57. निम्नलिखित में से, किस राज्य की स्थापना राजा ओडेयार ने की थी ?

(A) तंजौर (B) जेंजी (C) मैसूर (D) मदुरै

58. भारत के स्वतंत्रता-प्राप्ति के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन थे ?

(A) क्लीमेंट एटली (B) विन्स्टन चर्चिल (C) नेविल्ले चैम्बरलेन (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

59. ऑस्कर विजेता फ़िल्म ''लाईफ ऑफ पाई'', __________ के काल्पनिक दुस्साहस कथा पर आधारित है।

(A) मो यान (B) यान मार्टेल (C) विकास स्वरूप (D) हेर्टा मुल्लर

60. कणिका (कार्पुस्कल्स) निष्कासन के पश्चात् रक्त के द्रव भाग को क्या कहते हैं ?

(A) वेक्सीन (B) लिम्फ (C) सीरम (D) प्लाज्मा

61. मछली का कौन सा पंख (fin) पानी में इसके संतुलन बनाए रखने में सहायक **नहीं** होता है ?

(A) पश्च (डोरसाल) (B) श्रोणि (पेल्विक) (C) गुद (एनल) (D) पुच्छ (टेल)

62. निम्नलिखित में से, किसकी विद्यमानता जन्तु-कोशिका में **नहीं** होती है ?

(A) माइटोकोन्ड्रिया (B) क्लोरोप्लास्ट (C) केंद्रिका (D) प्लाज्मा झिल्ली

63. एक व्यक्ति 8 घंटे में अपनी यात्रा पूरी करता है। यदि उसने यात्रा के आधी दूरी को 40 कि.मी./घंटा और बाकी दूरी को 60 कि.मी./घंटा की गति से तय की, तो उस व्यक्ति के द्वारा तय की गई दूरी को ज्ञात करें।

(A) 450 कि.मी. (B) 420 कि.मी. (C) 384 कि.मी. (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

64. भारतीय राष्ट्रीय महिला आयोग के वर्तमान अध्यक्ष का नाम क्या है ?

(A) निर्मला सामंत प्रभावलकर (B) ममता शर्मा

(C) जयंती पटनायक (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

65. ब्रिटिश हाऊस ऑफ कॉमनस् में निर्वाचित किया जाने वाला पहला भारतीय कौन था ?

(A) दादाभाई नौरोजी (B) महादेव गोविन्द (C) बी.आर.अम्बेदकर (D) मदन मोहन मालवीय

66. __________ की स्मृति में, अकबर ने फतेहपुर सीकरी में बुलन्द-दरवाजा को बनवाया था।

(A) अपने पुत्र सलीम के जन्म (B) स्वयं के राज्याभिषेक

(C) दक्कन पर विजय (D) गुजरात पर विजय

67. किस देवता की पूजन ''वर्कारिस'' करते हैं ?

(A) भगवान विनायक (B) भगवान विठ्ठल (C) भगवान विरूपाक्ष (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

68. आजाद हिन्द फौज़ का गठन 1943 में __________ में हुआ था।

(A) मांडले (B) सिंगापुर (C) टोकियो (D) कोलालम्पुर

69. किसने गांधीजी के बारे में निम्नलिखित पंक्ति कही थी कि-''आनेवाली पीढ़ी मुश्किल से विश्वास करेगी कि कोई इनके जैसा शरीरधारी व्यक्ति भी इस पृथ्वी पर भ्रमण किया करता था।''

(A) लियो टाल्स्टाय (B) अलबर्ट आइन्स्टीन (C) बर्नार्ड शॉ (D) बर्ट्रान्ड रूजेल

70. किस जोड़े का मेल सही **नहीं** है ?

(A) पिशीकल्चर - मछली
(B) सेरीकल्चर - केंचुआ
(C) हरित-क्राँति - कृषि
(D) श्वेत-क्राँति - दूध

71. किस राज्य में, प्रसिद्ध "हॉर्नबिल त्यौहार" मनाया जाता है ?

(A) मिज़ोरम (B) नागालैण्ड (C) असम (D) मेघालय

72. मानव शरीर की सबसे बड़ी कोशिका है :

(A) कंकाल-कोशिका
(B) लाल रक्त कोशिका (RBC)
(C) तंत्रिका-कोशिका
(D) श्वेत रक्त कोशिका (WBC)

73. ल्यूकोडर्मा, शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है ?

(A) हृदय (B) किडनी (C) फेफ़डा (D) त्वचा

74. यदि आनेवाला कल के 3 दिन के बाद शुक्रवार का दिन है, तो बीते हुए कल से तीन दिन पहले कौन सा दिन था ?

(A) शुक्रवार
(B) बृहस्पतिवार
(C) सोमवार
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

75. राष्ट्रीय दृष्टिहीन विकलांग संस्थान कहाँ स्थित है ?

(A) कोलकाता (B) हैदराबाद (C) देहरादून (D) मुम्बई

76. 'सागर पूर्वी' और 'सागर पश्चिमी' क्या हैं ?

(A) तटवर्ती अनुसंधान जलयान।
(B) मत्स्य एवं सागर विज्ञान संबंधित जलयान।
(C) तेल की खोज करने वाली जलयानों के नाम।
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं।

77. जनवरी 2013 में आयोजित ऑस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल चैम्पियनशिप की विजेता का नाम क्या है ?

(A) विक्टोरिया अजरेन्का
(B) सेरेना विलियम्स
(C) मारिया शारापोवा
(D) सामंथा स्टोसर

78. भारत में "शिक्षा" को किस सूची में शामिल किया गया है ?

(A) संघ सूची
(B) राज्य सूची
(C) समवर्ती सूची
(D) यू जी सी (UGC) सूची

79. निम्नलिखित में से कौन सा कोलाइडी विलयन है ?

(A) सिरका विलयन
(B) पेंट
(C) कीचड़युक्त पानी
(D) चीनी विलयन

80. निम्नलिखित में से, कौन चुम्बक की ओर आकर्षित होता है ?

(A) गंधक
(B) लोहे का बुरादा
(C) लौह सल्फाईड
(D) उपरोक्त कोई भी नहीं

81. साधारण फिटकरी क्या है ?

(A) पोटॅशियम फिटकरी
(B) सोडियम फिटकरी
(C) फेरो-फिटकरी
(D) क्रोम फिटकरी

82. निम्नलिखित में से, किसका **सही** मिलान किया गया है ?

(A) त्रिशूल – सतह से सतह पर मार करनेवाली प्रक्षेपास्त्र
(B) पृथ्वी – सतह से हवा में मार करने वाली प्रक्षेपास्त्र
(C) नाग – टैंक विरोधी प्रक्षेपास्त्र
(D) पिनाका – हल्का लड़ाकू विमान

83. किसके शासनकाल के दौरान मंत्रिपरिषद को "अष्टप्रधान मंडल" के नाम से जाना जाता था ?

(A) गुप्त काल
(B) मौर्य काल
(C) काकातिय काल
(D) मराठा काल

84. भारतीय संविधान में, किसे "बंदी प्रत्यक्षीकरण" का सम्मन जारी करने का अधिकार दिया गया है ?

(A) केवल सर्वोच्च न्यायालय को
(B) केवल उच्च न्यायालयों को
(C) अधीनस्थ न्यायालयों को
(D) सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों को

85. शिवाजी का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) रायगढ़
(B) शिवनेरी
(C) तोर्णा
(D) पानहाला

86. यदि KNIFE का कूट MPKHG हो तो किसका कूट DTGCF होगा ?

(A) FVIEG (B) FVIEH (C) BREAD (D) BRAED

87. 7, 20, 46, 98, 202, __?__.

(A) 420 (B) 410 (C) 380 (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

88. नास्सकॉम (NASSCOM) किसका संक्षिप्त रूप है ?

(A) नेशनल एसोसियेशन ऑफ शेयर एन्ड सिक्यूरिटीज कम्पनीज (National Association of Shares and Securities Companies)

(B) नेशनल एसोसियेशन ऑफ सॉफ्टवेयर एन्ड सर्विस कम्पनीज (National Association of Software and Service Companies)

(C) नेशनल एजेन्सी ऑफ सिक्रेट सर्विस कम्पनीज (National Agency of Secret Service Companies)

(D) उपरोक्त कोई भी नहीं

89. लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो की राजधानी कहाँ है ?

(A) अबुजा (B) किन्शासा (C) अदीस अबाबा (D) खारटोम

90. यदि COW का कूट 358, WORD का कूट 8571 और DRAW का कूट 1708 हो, तो COWARD का कूट क्या होगा ?

(A) 358017 (B) 358071

(C) 358077 (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

91. निम्नलिखित में से, कौन सा गलत है ?

(A) एस.के. पोट्रेक्कट - तेलुगु (B) तुलसीदास - अवधी

(C) अमिताभ घोष - अंग्रेजी (D) अकिलन - तमिल

92. एक छात्र को, किसी संख्या को 3 से भाग देने के हेतु कहा गया, परंतु उसने भाग देने के बजाय, इस संख्या को 3 से गुणा कर दिया जिससे उसे परिणाम के रूप में 29.7 प्राप्त हुआ, तो सही उत्तर क्या होगा ?

(A) 3.3 (B) 3.9

(C) 9.9 (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

93. कोई दुकानदार, 15 रु. प्रति किलो और 20 रु. प्रति किलों मूल्य के दो किस्मों की चाय को किस अनुपात में, मिश्रित करे ताकि उसे 16.50 रु. प्रति किलो मूल्य की मिश्रित चाय प्राप्त हो सके ?

(A) 3 : 7 (B) 5 : 7 (C) 7 : 3 (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

94. शेख निजामुद्दीन औलिया, किनके शिष्य थे ?

(A) शेख अलाउद्दीन सबीर
(B) ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती
(C) बाबा फरीद
(D) शेख अहमद सरहिन्द

95. 5 कुर्सी और 2 मेज़ का मूल्य 1350 रु. है। दो कुर्सियों का मूल्य, एक मेज़ के मूल्य के बराबर है, तो एक कुर्सी और एक मेज़ का मूल्य क्या होगा ?

(A) 350 रु.
(B) 450 रु.
(C) 500 रु.
(D) 550 रु.

96. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्त्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्यक (L.C.M.) क्रमशः 11 और 7700 है। यदि इनमें से एक संख्या 275 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात करें।

(A) 279
(B) 283
(C) 308
(D) उपरोक्त कोई भी नहीं

97. किसने ''अष्टधायी'' की रचना की थी ?

(A) वेदव्यास
(B) कालीदास
(C) पाणिनी
(D) वाल्मीकि

98. एक वर्ष पहले एक व्यक्ति की आयु, इसके पुत्र की आयु के 7 गुनी थी। अब इस व्यक्ति की वर्तमान आयु, इसके पुत्र के व़र्तमान आयु के वर्ग के बराबर है, तो व्यक्ति की वर्तमान आयु कितनी है ?

(A) 36 वर्ष
(B) 49 वर्ष
(C) 64 वर्ष
(D) उपरोक्त कोई भी नहीं

99. इनमें से किस वजह से, सभाभवन (auditorium) में ध्वनि की निरन्तरता बनी रहती है ?

(A) ध्वनि का एकल परावर्तन
(B) ध्वनि का पुनरावृत्त परावर्तन
(C) ध्वनि का पुनरावृत्त अपवर्तन
(D) सभाभवन में उपस्थित वस्तुओं का कंपन

100. एक वस्तु का क्रय-मूल्य और विक्रय-मूल्य 20 : 21 के अनुपात में है, तो इस पर प्राप्त लाभ प्रतिशत ज्ञात करें।

(A) 5%
(B) 6.25%
(C) 7.5%
(D) उपरोक्त कोई भी नहीं

- o 0 o -

# RRC Group - D Exam Key (Held on 08.12.2013)

| Q.No | Ans. | Q.No | Ans. | Q.No | Ans. | Q.No | Ans. | Q.No | Ans. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 21 | C | 41 | * | 61 | B | 81 | A |
| 2 | A | 22 | C | 42 | C | 62 | B | 82 | C |
| 3 | C | 23 | D | 43 | B | 63 | C | 83 | D |
| 4 | B | 24 | D | 44 | B | 64 | B | 84 | D |
| 5 | B | 25 | D | 45 | D | 65 | A | 85 | B |
| 6 | D | 26 | C | 46 | D | 66 | D | 86 | C |
| 7 | C | 27 | B | 47 | B | 67 | B | 87 | B |
| 8 | C | 28 | A | 48 | A | 68 | B | 88 | B |
| 9 | B | 29 | B | 49 | C | 69 | B | 89 | B |
| 10 | A | 30 | D | 50 | D | 70 | B | 90 | B |
| 11 | B | 31 | C | 51 | C | 71 | B | 91 | A |
| 12 | A | 32 | C | 52 | B | 72 | C | 92 | A |
| 13 | C | 33 | D | 53 | B | 73 | D | 93 | C |
| 14 | A | 34 | B | 54 | D | 74 | B | 94 | B |
| 15 | C | 35 | C | 55 | D | 75 | C | 95 | B |
| 16 | B | 36 | A | 56 | D | 76 | A | 96 | C |
| 17 | D | 37 | A | 57 | C | 77 | A | 97 | C |
| 18 | C | 38 | D | 58 | A | 78 | C | 98 | A |
| 19 | D | 39 | D | 59 | B | 79 | B | 99 | B |
| 20 | C | 40 | C | 60 | D | 80 | B | 100 | A |

**There is no correct answer for * Mark Question**

Correct answer is **27th September**